PRINT

# वीर अर्जून (Veer Arjun)


| National News Paper | Edition : Delhi | Circulation: 90856 |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 23.09.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) 05 | क्रम सं. (Serial No.) 06 |

# जेवर एयरपोर्ट की सुरक्षा सीआईएसएफ के हवाले, जवानों की हुई तैनाती

**वीर अर्जुन संवाददाता**

ग्रेटर नोएडा। जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट निर्माण का अंतिम चरण अब समाप्ति की ओर है। इसी कड़ी में एयरपोर्ट की सुरक्षा अब केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के हवाले कर दी गई है। सोमवार को एयरपोर्ट परिसर में आयोजित एक भव्य हैंडओवर समारोह के दौरान, एयरपोर्ट अथॉरिटी, निर्माण कंपनी ज्यूरिख एयरपोर्ट, यमुना अथॉरिटी, स्थानीय पुलिस और सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर सीआईएसएफ का ध्वजारोहण किया गया और औपचारिक रूप से एयरपोर्ट की सुरक्षा जिम्मेदारी सीआईएसएफ को सौंप दी गई।

**स्पेशल डीजी ने एयरपोर्ट परिसर का किया निरीक्षण:** सीआईएसएफ के स्पेशल डीजी ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और एयरपोर्ट परिसर का निरीक्षण किया, जिसमें टर्मिनल बिल्डिंग सहित एयरपोर्ट की



अन्य प्रमुख जगहों का अवलोकन भी शामिल था। सीआईएसएफ पहले से ही देश के 69 एयरपोर्ट की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहा है, और अब यह नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को अपने 70वें एयरपोर्ट के रूप में अपने नियंत्रण में ले चुका है। सीआईएसएफ ने 2000 से एयरपोर्ट सुरक्षा की जिम्मेदारी लेना शुरू किया था और आज यह बल अपनी पेशेवर कार्यशैली और उच्च मानकों के लिए जाना जाता है।

नोएडा के जेवर में स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की सुरक्षा में शुरुआत में सीआईएसएफ के 120 जवानों की तैनाती की गई है। लेकिन जैसे ही एयरपोर्ट के पहले फेज का पूर्ण रूप से उद्घाटन होगा, लगभग 1047 जवानों की तैनाती सुरक्षा के लिए की जाएगी। यह जवान एयरपोर्ट के विभिन्न हिस्सों में यात्रियों और संरचनाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

सीआईएसएफ और एयरपोर्ट मैनेजमेंट की टीम पहले ही मिलकर सुरक्षा योजनाओं, मशीनों की इंस्टॉलेशन और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं पर काम कर रही है, ताकि एयरपोर्ट की सुरक्षा प्रणाली और भी मजबूत बन सके।

समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार, सीआईएसएफ और नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें प्रवीर रंजन, आईपीएस, स्पेशल डीजी एयरपोर्ट्स, सीआईएसएफ, सेंथिल अवोदई कृष्णा आर, आईपीएस, आईजी/ एयरपोर्ट सेक्टर, राकेश कुमार सिंह, सीईओ एनआईएएल, किरण जैन, सीओओ एनआईए, शैलेंद्र भाटिया, नोडल अधिकारी एनआईएएल, संजय कटारिया, क्षेत्रीय निदेशक, आरओ दिल्ली मौजूद रहे।